# अभिव्यक्ति

अंक - 2 वार्षिक पत्रिका वर्ष -2017



## लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान
## ग्वालियर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार



# संस्थान गीत

नई जवानी, नई रवानी, नई कहानी, शक्ति नगर के सेनानी हम हंसते गाते आये है।
नई जवानी जिंदाबाद, नई रवानी ज़िंदाबाद, नई कहानी ज़िंदाबाद,
ये सेनानी जिंदाबाद, ये बलिदानी ज़िंदाबाद,

एक समंदर की लहरें हम, एक गगन के तारे है।
लौह-लाडले लक्ष्मी के हम, धरती के उजियारे है।
एक धर्म है, एक ध्येय है, सब जलते अंगारे है।
नये देश के निर्माता हम, भारत के रखवारे है। हम
अनुशासन मे कुंदन बन कर नये जवानों रे,
अनुशासन मे कुंदन बन कर हमने कदम बढ़ाये हैं।।
लो शक्ति नगर के सेनानी हम हंसते गाते आये हैं।

पूरब पश्चिम मिलें हमारे, खेलों के मैदानो में।
गीत अमन के थिरक रहे हैं, देखो इन मुस्कानो में।
राह बनाते है अपनी हम, आंधी मे तूफानों मे।
नई ज़िंदगी भर देंगे हम, दुनिया के इंसानों में। हम
मानवता के आव्हानो को नये जवानों रे,
मानवता के आव्हानों को हमने शीष चढाये हैं।।
लो शक्ति नगर के सेनानी हम हंसते गाते आये हैं।

नये देश की नैया हम सब, मंज़िल तक ले जायेंगे।
आने वाले सांझ-सवेरे, गीत हमारे गायेंगे।
इसी तरह से कदम बढ़ेंगे, इसी तरह मुस्कायेंगे।
वक्त पडा तो आजादी पर, हंस कर शीष चढायेंगे।
खून पसीना देकर हमने, नये जवानों रे,
खून पसीना देकर हमने, लाखों चमन खिलाये है।।
लो शक्ति नगर के सेनानी हम हंसते गाते आये है।

सभी बराबर सभी सरीखे, क्या गोरा क्या कारा रे।
दिशा-दिशा मे गूंज रहा है, आज हमारा नारा रे,
गौरव गीत हमारे गाता, आज एशिया सारा रे,
इसी शान से फहरायेगा, झंडा सदा हमारा रे।। झंडा
बलिदानी इतिहास हमारे, हमने नहीं भुलाये हैं।।
लो शक्ति नगर के सेनानी हम हंसते गाते आये है।

# अभिव्यक्ति


अभिव्यक्ति
परिवार

संरक्षक
प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा
कुलपति

प्रकाशन
परामर्शदात्री समिति
अध्यक्ष
प्रो. विवेक पाण्डे
कुलसचिव

संपादक मंडल
डॉ. मे. शशिभूषण शर्मा
डॉ. अनिल शर्मा
आर.एम. सक्सेना

छायाचित्रण
तरुण प्रताप सिंह तोमर
समाचार संकलन
एम.जे. अली



अनुवाद
निशा वर्मा


मुद्रण
वेलकम ऑफसेट प्रिन्टर्स
लोहिया बाजार
लश्कर, ग्वालियर


## अनुक्रमणिका

### गतिविधियाँ


| | | |
|---|---|---|
| 1. | 70वॉं स्वतंत्रता दिवस 2016 | 1 |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंडल मार्च | 2 |
| 3. | इंट्राम्यूरल 2016–17 | 3–6 |
| 4. | संस्थान का 59वॉं स्थापना दिवस | 7–10 |
| 5. | फीफा महिला फुटबॉल गोलकीपिंग रिफ्रेशर पाठ्यक्रम | 11–12 |
| 6. | रियो ओलंपिक 2016 का एल.ई.डी. टी.व्ही. पर सीधा प्रसारण | 13 |
| 7. | रियो ओलंपिक 2016 के लिये प्रोत्साहन दौड | 14–18 |
| 8. | एक्वा फिटनेस पर अंतराष्ट्रीय कार्यशाला | 19–20 |
| 9. | रन फॉर फ्रीडम | 21 |
| 10. | खेल दिवस | 22–24 |
| 11. | फीफा एवं एआईएफएफ का महिला रेफरी कोर्स | 25–26 |
| 12. | हिंदी सप्ताह | 27 |
| 13 | 68वॉं गणतंत्र दिवस | 28 |
| 14. | शिक्षक दिवस समारोह | 29–31 |
| 15. | कोचिंग ट्रेनिंग एवं ऑफिशियेटिंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला | 32–35 |
| 16. | स्वच्छ भारत अभियान | 36 |
| 17. | संस्थान के छात्रों का म.प्र. की योगा टीम मे चयन | 37 |
| 18. | एआईएफएफ रेफरी पाठ्यक्रम वर्ग–2 का आयोजन | 38 |
| 19. | फीफा महिला फुटबॉल कोचिंग रिफ्रेशर कोर्स | 39 |
| 20. | 67वीं ओपन सीनियर राज्य महिला व पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता | 40–41 |
| 21. | पश्चिम क्षेत्रीय अर्न्तविश्वविद्यालयीन महिला हॉकी प्रतियोगिता | 42–45 |
| 22. | केंद्रीय विद्यालय संगठन के लिये पाठ्यक्रम | 46 |
| 23. | पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन पुरुष हॉकी प्रतियोगिता | 47–49 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर के शिक्षकों का प्रशिक्षण | 50–51 |
| 25. | हॉकी के जगलिंग स्किल का विश्व रिकार्ड | 52–53 |
| 26. | अंतविद्यालयीन मार्चपास्ट एवं मास डिस्प्ले प्रतियोगिता | 54–56 |
| 27. | रक्तदान शिविर | 57 |
| 28. | तीन दिवसीय पूर्व कांग्रेस कार्यशाला | 58–59 |




29. विज्ञान भवन नई दिल्ली मे खेल विज्ञान एवं योगा की अंतराष्ट्रीय कांग्रेस 60—66
30. अखिल भारतीय अंर्तविश्वविद्यालयीन महिला हॉकी प्रतियोगिता 67—68
31. आर्मी पब्लिक स्कूल रिफ्रेशर कोर्स 69
32. 8वॉ दीक्षांत समारोह 70—74
33. वरिष्ठ छात्रों का दीक्षा एवं विदाई समारोह 75
34. मॉरीशस के छात्रो ने मनाया मॉरीशस दिवस 76
35. संस्थान मे नैक निरीक्षण 77
36. कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा फीफा विश्वकप 2017 की कोर कमेटी के सदस्य 78
37. संस्थान के प्राध्यापकों का विदेश भ्रमण 79
38. प्रो. जे.पी. वर्मा का कतर विश्वविद्वालय मे व्याख्यान 80
39. कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा का सम्मान 81
40. तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 82—85
41. शशींद्र सिंह स्मृति ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 86—87
42. संस्थान के गौरव 88
43. संस्थान के कर्मचारियों के बच्चो को प्रोत्साहन 89


**मौलिक रचनायें**
**लेख/संस्मरण/कविता**


1. झॉसी की महारानी लक्ष्मीबाई — आर.एम. सक्सैना 90—91
2. कहानी अभी खत्म नही हुई — सत्य प्रकाश 92
3. जीवन का सत्य — अमर सिंह कुशवाह 93
4. स्वयं का आत्म निरीक्षण — अतुल त्रिपाठी 94
5. कोशिश कर, उम्मीदों के कदम — प्रियंका, भानु डोहिला 95
6. रोशन, माँ की इच्छा — हिमानी वर्मा, पीयूष राठौर 96
7. क्या उसकी गलती थी — कु. निशा वर्मा 97
8. अब जाग उठो — कु. शुचिश्रवा दुबे 98


**प्रशिक्षण/नियुक्ति/त्याग पत्र/सेवानिवृत्ति**


1. सेवानिवृत्तियॉ 99



**विजय गोयल**
Vijay Goel

D.O. No. 1984 MOS (IC)YA&S/17

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**युवा कार्यक्रम और खेल**
**राज्य मंत्री**
**जल संसाधन, नदी विकास और**
**गंगा संरक्षण, भारत सरकार**

MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE)
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
MISISTER OF STATE FOR
WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT
& GANGA REJUVENATION
GOVERNMENT OF INDIA

10 JUL 2017

## संदेश

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हो रही है कि लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर द्वारा अगस्त 2017 में हिन्दी वार्षिक पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का द्वितीय संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि इस पत्रिका में प्रकाशित होने वाले लेख आदि से इस संस्थान के विद्यार्थियों एवं समस्त कार्मिकों को हमारी राज भाषा हिन्दी में अपने विचार रखने एवं उनको व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर, मैं आयोजकों एवं समस्त प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की सफलता एवं हिन्दी वार्षिक पत्रिका ''अभिव्यक्ति'' के सफल प्रकाशन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(विजय गोयल)



**इंजेती श्रीनिवास**
**सचिव**

**भारत सरकार**
**युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय**

## संदेश


मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आगामी माह अगस्त, 2017 मे लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर हिन्दी वार्षिक पत्रिका का दूसरा संस्करण 'अभिव्यक्ति' प्रकाशित करने जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका में प्रकाशित होने वाले लेख एवं सामग्री से संस्थान के विद्यार्थियों एवं समस्त वर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों को हमारी राजभाषा हिन्दी में अपने विचारों का आदान–प्रदान करने का शुभ अवसर प्राप्त होगा ।

इस शुभ अवसर पर मेरी ओर से 'अभिव्यक्ति' पत्रिका के सम्पादकीय दल एवं संस्थान परिवार को हार्दिक बधाई ।

**इंजेती श्रीनिवास**
**सचिव**



*प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा*
कुलपति



# कुलपति की कलम से ...

संस्थान की हिंदी पत्रिका अभिव्यक्ति का यह द्वितीय अंक मुख्य रूप से संस्थान के विकास पर केन्द्रित है। हमारा संस्थान विकास के लिए सदैव तत्पर एवं जागरूक रहा है। जब हम विकास की बात करते है, तो उससे हमारा तात्पर्य संस्थान के संपूर्ण विकास से है, जिसमें विद्यार्थी, संस्थान के अधिकारीगण / कर्मचारीगण, अवसंरचना, ज्ञान की विधाएं और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र इत्यादि का विकास सम्मिलित है। संस्थान के सभी सदस्यों ने हमेशा ही यहाँ स्वस्थ एवं अनुकूल वातावरण बनाये रखते हुए, अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठापूर्वक किया है, जो सभी के लिए गर्व की बात है।

एक उन्नत शारीरिक शिक्षा संस्थान होने के नाते शिक्षण क्षेत्र में हमारे संस्थान का विशिष्ट स्थान है और यहाँ न केवल भारत वर्ष अपितु विश्वभर से छात्र–छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। संस्थान परिसर में उनके अनुभवों से विश्वभर में संस्थान की स्वस्थ एवं सुखद तस्वीर उभरे, यही हमारी कामना है।

**शुभकामनाओं के साथ**

**प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा**
कुलपति

# 70वाँ स्वतंत्रता दिवस 2016



लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान मे दिनांक 15 अगस्त 2016 को 70वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में प्रातः 7:45 बजे संस्थान के प्रांगण में संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात् उन्होने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सलामी दी।

कुलपति महोदय ने आचार्यो, अधिकारियों, समस्त स्टाफ सदस्यों एवं उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं के समूह को संबोधित करते हुये कहा कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया, उद्यमिता विकास, स्वछता अभियान एवं मेक इन इंडिया जेसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आगे बढाने के लिये छात्रों को अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी यह खुशी की बात है कि संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर अपने छात्रावासों के अंदर एवं उसके आस–पास सफाई का कार्य किया है इसके लिये वे बधाई के पात्र है। संस्थान के कर्मचारी भी नियमित रुप से सफाई कार्य कर रहे है। अपने संबोधन के दौरान प्रो. डुरेहा ने सभी आचार्यो, कर्मचारियों व छात्रों को कहा कि यह संस्थान आपका है और आप संस्थान के विकास में अपनी भागीदारी दें। अंत में प्रो. डुरेहा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनायें दी। तत्पश्चात् उपस्थित आचार्यगण एवं कर्मचारी वर्ग ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी और इसके बाद मिष्ठान वितरण हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैंडल मार्च

लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान मे, दिनांक 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांय 06 रू 45 पर एक कैंडल मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त को करने का उददेश्य यह था कि हम सभी आज़ादी के सही मायने को पहचान सके और सबके बीच एकता व भाईचारे की भावना मजबूत हो। समाज में समाजिक समरसता व सौहार्द के भाव को मजबूती मिले और सब एक साथ मिलकर अपने समाज, राज्य व राष्ट्र के विकास में सहयोग करे। इस मार्च के लिए शाम के 6.30 बजे संस्थान के समस्त आचार्य, छात्र व स्टॉफ संस्थान मुख्य द्वार पर इकटठा हो गये थे। इस कैंडल मार्च में माननीय केंद्रीय इस्पात एवं खान मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, जनरल अशोक सिंह, कर्नल श्रीमाली, कार्यकारी कलेक्टर श्री ए. सिंह, ग्वालियर शहर के एस.पी. श्री हरिनारायणचारी मिश्रा जी शामिल हुए।

माननीय केंद्रीय इस्पात एवं खान मंत्री श्री नरेंद्र सिह तोमर जी ने केसरिया, सफेद व हरे रंग के गुब्बारे को हवा मे छोड़ कैंडल मार्च की शुरूआत कराई। यह कैंडल मार्च संस्थान के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर वीरांगना के समाधि स्थल की ओर अग्रसर हुआ। इस मार्च के बिल्कुल आगे देश भक्ति के गीत चल रहे थे और ठीक उसके पीछे संस्थान के कुलपति, विशिष्ट अतिथिगण, आचार्य, छात्र व स्टॉफ चल रहे थे। कार्यक्रम को लेकर युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। सभी लोगो ने सिर पर जय हिंद लिखा कैप पहना हुआ था व तिरंगा स्कॉर्फ अपने कंधे पर लिए हुए थे। सभी देशभक्ति के रंग मे सराबोर थे। मेरा रंग दे बसंती चोला, मेरे देश की धरती सोना उगले जैसे गीतों ने पूरे मार्च को जैसे बिल्कुल देशप्रेम मे डुबो सा दिया। सभी छात्र–छात्राएं इस रस का आंनद ले रहे थे और पूरे रास्ते इनकी धुनों पर नाचते–गुनगुनाते चल रहे थे।



इस पूरे मार्च में भारत माता की जय, वन्दे मातरम के नारे लगाए गए। इस मार्च का समापन स्टेशन रोड़ हाते हुए लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर हुआ। समाधि स्थल पहुंच कर सबने वही कैंडल को लगा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को नमन किया। संस्थान की इस पहल को समस्त ग्वालियरवासियों ने भी अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम के सफल समापन के लिए संस्थान के कुलपति प्रो. डुरेहा ने ग्वालियर प्रशासन समेत सभी को धन्यवाद दिया ।

# इंट्राम्यूरल 2016–17




लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान मे दिनांक 16 अगस्त 2016 को सायंकाल 4:30 बजे संस्थान के इंट्राम्यूरल कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि म.प्र.– शासन के लोक कल्याण व परिवार स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री रुस्तम सिंह जी थे विशेष अतिथि ब्रिगेडियर लाभ सिंह, पूर्व ओलम्पियन विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्थान के भूतपूर्व छात्र भी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय परंपरा के तहत अतिथियों के स्वागत से शुरू हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रूस्तम सिंह, लोक कल्याण व परिवार स्वास्थ्य, म.प्र. शासन, का स्वागत संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा जी ने शाल, श्रीफल एवं मोमेन्टो देकर किया । इसके बाद विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर लाभ सिंह का स्वागत संस्थान के कुलसचिव प्रो. विवके पांडे ने किया। श्री रूस्तम सिंह जी ने इंट्राम्यूरल खेलों का उदघाटन कर इस महोत्सव को प्रांरभ किया। इसके तहत सर्वप्रथम कार्यक्रम के निष्पक्ष क्रियान्वयन की शपथ इंट्राम्यूरल कार्यक्रम की सचिव अदिति नेगी ने लिया जिसके बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसमे सभी 8 हाउसों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। जो निम्नलिखित है–




1. शिवाजी
2. प्रताप
3. अरबिन्दो
4. सुभाष
5. आजाद
6. मदर टेरेसा
7. पदमिनी
8. सरोजिनी

सभी हाउसो ने मार्च पास्ट मे बेहतरीन प्रदर्शन किया। संबंधित हाउसों के छात्रों ने भी अपने साथियों का खुब हौसला बढ़ाया। भूतपूर्व छात्रों ने भी अपने–अपने हाउसों का खूब उत्साहवर्धन किया। सभी हाउसों ने बारी–बारी मंच पर खड़े मुख्य अतिथि को सलामी दी। मार्च पास्ट के बाद संस्थान के कुलगीत शक्ति के नगर के सैनानी में संस्थान के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। मार्च पास्ट मे 7वीं मेहर बटालियन के जवानों ने विशेष प्रस्तुति दी।

इसके बाद मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री रूस्तम सिंह, ने सभा में अपने संबोधन की शुरूआत भारत माता की जय से शुरू की और कार्यक्रम मे आमंत्रण के लिए प्रो. डुरेहा का आभार व्यक्त किया और ब्रिगेडियर लाभ सिंह के बारे में कहा कि उनके साथ बैठना सम्मान की बात है। प्रो. डुरेहा ने ब्रिगेडियर लाभ सिंह व अन्य अतिथियो के बारे मे कहा कि इस संस्था से बडी–बडी हस्तियां अध्यन कर चुकी है और यह संस्था भारत की सबसे अच्छी शारीरिक शिक्षा संस्था है।



छात्रों की तारीफ करते हुए उन्होने कहा कि मेरे पास आपकी तारीफ के लिए शब्द नहीं है उन्होने उनकी तुलना अपने पुलिस अकादमी के जवानों से की।



परेड में हुए तलवार के तकनीक की तारिफ करते हुए कहा कि न जाने कितनी मेहनत की होगी बच्चों ने इसे सही प्रदर्शित करने के लिए। उन्होंने सभी हाउसों के छात्रों व उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी। ओलम्पिक में मेडल पर बोलते हुए कहा कि मेडल लाना बड़ी बात है और खेल एक तपस्या है। लाभ सिंह जी की तारिफ में कहा कि आज के मुख्य अतिथि मेरी जगह उन्हें होना चाहिए था। मंत्री महोदय ने महिलाओं के सम्मान और उनके महत्व के बारे में कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे महिला किसी न किसी रूप मे पत्नी, बहन या विशेषतः माँ के रूप में रहती है। अंत मे उन्होने सभी को बधाई व शुभकामनाए दी। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें छात्रों में शिवाजी व छात्राओं में सरोजनी हाउस विजेता रही। इसके बाद मुख्य अतिथि, कुलपति एवं लाभ सिंह जी ने तय कार्यक्रमानुसार फुटबॉल मैदान के किनारे वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर मार्च पास्ट मे संस्थान के छात्र वर्ग मे शिवाजी हाउस, प्रताप हाउस, अरविंदो हाउस, सुभाष हाउस एवं छात्रा वर्ग मे सरोजनी हाउस और पद्मिनी हाउस के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमे छात्र वर्ग से शिवाजी हाउस एवं छात्रा वर्ग से सरोजनी हाउस विजेता रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।




लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान मे इन्ट्राम्यूरल प्रतियोगिता का समापन दिनांक 16 अप्रैल, 2016 को संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। इन्ट्राम्यूरल प्रतियोगिता मे संस्थान के सभी पुरुष एवं महिला हाउसो के मध्य कई खेलों मे वर्ष भर प्रतियोगिता होती है।

प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी पुरुष हाउसों अरविंदो, आजाद, प्रताप, सुभाष व महिला हाउसों पद्मिनी, सरोजनी व मदर टेरेसा के मध्य प्रतियोगिताऐं हुई। इन प्रतियोगिताओ का आरंभ संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित मार्चपास्ट प्रतियोगिता के साथ हुआ व पूरे वर्ष विभिन्न खेलों मे प्रतियोगिताओं मे अर्जित अंको के द्वारा ओवर ऑल चैंपियन का निर्णय हुआ।

पुरुषों के हाउसो के मध्य प्रतियोगिता मे प्रताप हाउस ने सर्वाधिक 207.5 अंक के साथ व महिला हाउसों के मध्य प्रतियोगिता मे पद्मिनी हाउस 100 अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहे।

पुरुषों के हाउसों मे अरविंदो, आजाद, शिवाजी व सुभाष क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे वहीं महिला हाउसो मे सरोजनी व मदर टेरेसा हाउस दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह मे संस्थान के सभी आचार्य व छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।



# संस्थान का 59वाँ स्थापना दिवस



लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान मे दिनांक 17 अगस्त 2016 को संस्थान का 59वाँ स्थापना दिवस बड़ी धूम–धाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा द्वारा सुबह 5:30 बजे रानी लक्ष्मीबाई के समाधि स्थल पर वीरांगना की याद में शिलापट्टिका लगाने से हुई। इस कार्यक्रम में नगर निगम ग्वालियर के कमिश्नर उपस्थित रहे। सभी लोगों ने वीरांगना लक्ष्मीबाई को नमन किया।






इसके बाद संस्थान में सुबह कार्यक्रम की शुरूआत भूतपूर्व छात्रों और संस्थान के महिला टीम के बीच बास्केटबॉल के मैच से हुई।

भूतपूर्व छात्रों की टीम में पुरूष व महिला दोनो का मिलाजुला संयोजन था। इस टीम मे संस्थान के कुलपति व वर्तमान आचार्यों ने भी हिस्सा लिया। दोनो ही टीमों ने मैच में अच्छा खेल दिखाया। मैच का पहला बास्केट महिला टीम ने किया और मैच के खत्म होने तक उन्होने अपनी बढ़त बनाए रखी व विजयी रही। दूसरा मैच हॉकी का था, जिसमें टीम संयोजन पूर्व की तरह ही था इस मैच मे भूतपूर्व छात्रो की तरफ से विजयी दोनो गोल संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा ने किये और भूतपूर्व छात्रों को विजय दिलायी।





स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत प्रातः 9:45 बजे संस्थान के प्रांगण मे संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरैहा ने संस्थान प्रांगण में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की और तत्पश्चात् उन्होने संस्थान का ध्वज फहराया एवं सलामी दी। इसके बाद कुलपति महोदय ने संस्थान के आचार्यो, अधिकारियो, कर्मचारियो, पूर्व छात्र एवं वर्तमान छात्रों के समूह को संबोधित करते हुये कहा कि इस संस्थान के उपाधि धारक छात्रों द्वारा देश–विदेश में शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे संस्थान का नाम रोशन किया जा रहा है जिसके लिये संस्थान का आचार्य वर्ग बधाई का पात्र है। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने छात्र कल्याण एवं कर्मचारी कल्याण से संबंधित कई घोषणायें भी की जिसका उपस्थित जन समुदाय ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इस समारोह में संस्थान के गोल्डन और सिल्वर बैच के पूर्व छात्रों भी उपस्थित थे। तत्पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ।

स्थापना दिवस समारोह के अगले दौर में अपरान्ह 11:00 बजे भूतपूर्व छात्रो की बैठक संस्थान के बहुउद्देशीय हॉल में हुई जहाँ गोल्डन और सिल्वर बैच के सभी पूर्व छात्रों ने अपना–अपना परिचय दिया एवं कुलपति महोदय द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं संस्थान का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. इंदु बोरा ने किया।





सायंकाल 4:00 बजे संस्थान के महात्मा गाँधी गेस्ट हाउस के सामने स्थित पार्क में संस्थान के छात्रों द्वारा फनफेयर का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्तमान एवं पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जबकि कुछ छात्रों ने डीजे पर नृत्य भी किया।

सायंकाल 7:00 बजे संस्थान के टेगोर सभागार मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जिसका गोल्डन एवं सिल्वर बैच के छात्रों ने भरपूर आनन्द उठाया।

इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा, संस्थान के कुलसचिव प्रो. विवेक पांडे, प्रो. जी.डी. घई, प्रो. ए.एस. साजवान, प्रो. व्ही.के. श्रीवास्तव, प्रो. जयश्री आचार्य, प्रो. एस. मुखर्जी, प्रो. विलफ्रेड वाज़, प्रो. एल.एन. सरकार एवं समस्त संकाय सदस्य परिवार सहित विशेष रुप से उपस्थित थे।



# फीफा महिला फुटबॉल गोलकीपिंग रिफ्रेशर कोर्स



लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में दिनांक 22 अगस्त से 26 अगस्त 2016 तक पाँच दिवसीय **"फीफा महिला गोलकीपिंग रिफ्रेशर कोर्स"** का आयोजन किया गया। महिला फुटबॉल को बढावा देने और गोलकीपिंग के बेहतर गुण बताने के लिये फीफा और ए.आई.एफ.एफ. की मदद से यह कोर्स संस्थान मे आयोजित किया गया। यह कोर्स केवल महिला कोच प्रतिभागियों के लिए था। 22 अगस्त 2016 को प्रातः 10.30 बजे संस्थान मे **"फीफा महिला गोलकीपिंग रिर्फेशर कोर्स"** का उद्‌धाटन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा जी, एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के कुलसचिव प्रो. विवेक पांडे मौजूद थे। साथ ही संस्थान के सहायक आचार्य डॉ. दीपक शर्मा, ए.आई.एफ.एफ. की महिला फुटबॉल विभाग की प्रबंधक इंदु चौधरी, अकांशा व बेल्जियम से मुख्य प्रशिक्षिका के तौर पर मिस ऐनी इडा जेनी मौजुद रही।

सर्वप्रथम मंच पर मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् ए.आई.एफ.एफ की महिला फुटबाल विभाग की प्रबंधक इंदु चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुये बताया कि वह पिछले वर्ष भी संस्थान में ऐसी ही एक कार्यशाला का आयोजन करा चुकी है और संस्थान का खेल के प्रति समर्पण और समर्थन का वह बेहद सम्मान करती है। साथ ही उन्होने बताया कि वह आगे भी ऐसे कार्यशालाओं व कार्यक्रमो का आयोजन कराना चाहेंगी। उन्होने संस्थान के सहयोग के लिए संस्थान के कुलपति जी को धन्यवाद दिया।

इसके बाद मुख्य प्रशिक्षिका मिस ऐनी इडा जेनी ने सभी को बताया कि वह बेलजियम में शिक्षिका के साथ महिला गोलकीपिंग के क्षेत्र मे प्रशिक्षण का कार्य भी करती है। उन्होने कहा कि गोलकीपिंग का फुटबॉल में विशेष महत्व है और इसमे बेहतर कर आप अपनी टीम की जीत मे योगदान दे सकते है। आगे उन्होने बताया कि आजकल ज्यादातर टीमें रक्षात्मक तकनीक का प्रयोग करती है जबकि टीमें अगर आक्रामक होकर अपने खेल का प्रदर्शन करें तो परिणाम ज्यादा बेहतर आ सकते है। उन्होने सभी प्रतिभागियों से कहा कि उम्मीद है कि आप सब मेरे साथ इस कार्यशाला को मनोरंजन के साथ पूर्ण कर गोलकीपिंग की बारिकीयों को समझ सकेंगे।




इस पांच दिवसीय कोर्स मे सभी प्रतिभागियों को सैद्धान्तिक, प्रायोगिक एवं समूह के द्वारा खेल की बारिकीयों से अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को मैदान में गोलकीपिंग के गुण सिखाये गये और साथ ही उनके लिये लिखित ज्ञान की कक्षा भी हुई। इस पाठ्यक्रम मे पूरे भारत से कुल 21 महिला प्रतिभागी शामिल हुए है।

26.08.2016 को दोपहर 02.30 बजे इस पांच दिवसीय **''फीफा महिला गोलकीपिंग रिर्फेशर कोर्स''** समापन हुआ। समापन समारोह मे संस्थान के कुलसचिव प्रो. विवेक पांडे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। साथ ही संस्थान के सहायक आचार्य डॉ. दीपक शर्मा, ए.आई.एफ.एफ. की प्रतिनिधि अकांक्षा व बेल्जियम से मुख्य प्रशिक्षिका के तौर पर मिस नोई मौजूद थी। समापन समारोह की शुरूआत में सर्वप्रथम बेल्जियम से मुख्य प्रशिक्षिका के तौर पर आई मिस नोई को पुष्प गुच्छ व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के कुलसचिव प्रो. विवेक पांडे ने सबसे पहले फीफा को और उनकी ओर से आयी प्रतिनिधि मिस नोई को धन्यवाद दिया। फीफा की इस पहल की सराहना करते हुए प्रो. पांडे ने कहा कि संस्थान में हमेशा ही ऐसे पाठ्यक्रमों व कार्यशालाओं का स्वागत है जिससे कि खेलों के उत्थान एवं विकास मे सहायता मिले।

मिस नोई ने कहा कि भारत मे इस कोर्स को कराकर उन्हें बेहद खुशी मिली। प्रतिभागियों की तारीफ मे कहा कि भारतीय महिला खिलाडियों मे सीखने की इच्छा प्रबल है और सही दिशा दिखाने से वह विश्वस्तर पर भारत का डंका बजा सकती है। मिस नोई और एआईएफएफ की प्रतिनिधि अकांक्षा ने संस्थान के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। अंत मे सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र बांटें गये।

# रियो ओलम्पिक 2016 का एल.ई.डी. टी.वी. पर सीधा प्रसारण




दुनिया के सभी खेलों के महाकुंभ रियो ओलम्पिक 2016 में दुनिया के सभी देशों के खिलाड़ियों ने अपने–अपने कौशल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिनांक 6 अगस्त से 21 अगस्त 2016 तक रियो में किया। खेलों के इस महाकुंभ को ग्वालियर में खेलोत्सव के तौर पर मनाया गया।

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशानुसार खेल मंत्रालय ने दिल्ली के इंडिया गेट पर ओलम्पिक खेलों का सजीव प्रसारण दिखाने का निर्णय लिया, जिसको आदेश मानते हुये लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा जी ने शहर के दो स्थानो पर पूर्ण ओलम्पिक खेलों का सजीव प्रसारण दिखाने का निर्णय लिया जो कि खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया। इसके लिये चयनित स्थानों क्रमशः 1. सी. ब्लॉक, ठाटीपुर 2. लक्ष्मीबाई समाधि स्थल, पडाव पर बडे स्क्रीन वाले एल.ई.डी. टी.वी. लगाये गये।

इस आयोजन का उद्देश्य हमारे देश के युवा वर्ग तथा विशेषकर खिलाड़ियों में खेलों के प्रति जागरुकता को बढ़ाना है। साथ ही नवोदित खिलाड़ियों को ओलम्पिक जैसे बड़े खेलों के लिये प्रोत्साहित करना है। शहर के लोगों का इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भरपूर समर्थन रहा।

इस कार्यक्रम को क्रियांवित करने में लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा संस्थान, साथ ही ग्वालियर के जिलाधीश श्री संजय गोयल जी, महापौर श्री विवके नारायण शेजवलकर जी, ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी, ग्वालियर प्रशासन और मध्यप्रदेश विद्युत मंडल ने भी अपना पूर्ण सहयोग दिया। साथ ही कार्यक्रम के आयोजन में संस्थान के समस्त स्टाफ व छात्र–छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया।

# रियो ओलंपिक 2016 के लिये प्रोत्साहन दौड़




लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में 31 जुलाई 2016 को ''**इंसपिरेशनल रन फॉर रियो ओलम्पिक 2016**'' के तहत एक दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ के कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय परंपरानुसार अतिथियों के स्वागत से हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जयभान सिहं पवैया जी (उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र. शासन). का स्वागत संस्थान के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार डुरेहा जी ने पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसके बाद ग्वालियर शहर के आयुक्त श्री एस.एन. रूपला जी, शहर के जिलाधीश डॉ. संजय गोयल जी, ऑफिसर्स ट्रेनिंग एशोसिएशन के ब्रिगेडियर स्टीव स्मेल समेत कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।








**इंसपिरेशनल रन फॉर रियो ओलम्पिक 2016** की दौड को हरी झण्डी दिखाने से पहले माननीय श्री पवैया जी ने इस दौड़ के लिये सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाये एवं धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे आयोजनों एवं खेलों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बढ़ावा देते है एवं खेल मंत्रालय उनके इस सफल प्रयास को लगातार आगे बढ़ा रहा है।

मंत्री जी ने भारतीय खिलाड़ियों की तुलना देश की सेना से की जिसमें उन्होंने कहा कि जैसे भारतीय सेना सरहद पर भारत माता की रक्षा कर रही है ठीक उसी प्रकार भारतीय खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलम्पिक में पदक जीतकर भारत माता का मस्तक ऊँचा कर देश को गौरवान्वित कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इस बार म.प्र. के चम्बल से अंकित शर्मा (लॉग जम्प) व 7 महिला हॉकी खिलाड़ी ओलम्पिक में भाग ले रही हैं जो कि म.प्र. के लिये बेहद खुशी की बात है।

अन्त में उन्होंने भारतीय ओलम्पिक दल को अपनी शुभकामनायें दी इसके बाद श्री मंत्री महोदय ने दौड़ को हरी झण्डी दिखा कर आरंभ कराया।

